हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 1 दिसंबर 2025
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 भजन संध्या में देर रात तक भजनों पर झूमे श्रद्धालु



07 अंतिम तिथि नजदीक, घर-घर पहुंचकर कार्मिक...



## खबर संक्षेप

### ब्रिज कोर्स के लिए 25 दिसंबर तक करा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

**सीहोर।** लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में 11 अगस्त, 2023 के पूर्व नियुक्त बीएड योग्यताधारी शिक्षकों को ब्रिज कोर्स के लिए अपना रजिस्ट्रेशन 25 दिसम्बर तक वेबसाइट पर करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को परिपत्र जारी किया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि प्राथमिक शिक्षक की व्यावसायिक योग्यता के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश पारित किया है। बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षकों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली से 6 माह का ब्रिज कोर्स ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग ओडीएल मोड से कराए जाने का उल्लेख है।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिए बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिए विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना लायसेंस व्यापार करने पर कार्यवाही की जाएगी।

### रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण जिला अस्पताल में बीते 6 साल से निजी अस्पतालों में मरीज करा रहे सोनोग्राफी

# अनदेखीः अस्पतालों में सोनोग्राफी ठप, मरीजों को मजबूरी में करानी पड़ रही महंगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के सरकारी अस्पतालों में सोनोग्राफी की सुविधा सिर्फ कागजों में ही उपलब्ध है। जमीनी हकीकत यह है कि प्रतिदिन हजारों मरीज इलाज के लिए कतारों में खड़े रहते हैं, पर उनकी बीमारी का सही कारण जानने के लिए जरूरी सोनोग्राफी नहीं हो पाती। जिला अस्पताल हो या सिविल अस्पताल आष्टा और भैरुंदा। हर जगह मशीनें हैं, लेकिन चलाने वाला विशेषज्ञ नहीं। दर्द मरीज का है, लेकिन कीमत उन्हें ही चुकानी पड़ रही है।

### जिला अस्पताल सीहोर.. मशीन है, मरीज हैं, लेकिन डॉक्टर नहीं

जिला चिकित्सालय में रोज 1000 से 1400 मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं। इनमें 20 से 25 मरीजों को सोनोग्राफी की जरूरत होती है। लेकिन रेडियोलॉजिस्ट का पद 2019 से खाली है। मजबूरी में गर्भवती महिलाओं की जांच महिला डॉक्टरों द्वारा की जाती है, लेकिन पेट दर्द, लीवर, किडनी या अन्य बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को जांच न मिलने के कारण उपचार भी अनुमान पर ही शुरू किया जा रहा है। एक पद खाली होने की वजह से पूरा जिला परेशान है, पर नियुक्ति का कागजी आश्वासन कभी हकीकत नहीं बन पाया। इस संबंध में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर यूके श्रीवास्तव का कहना है कि जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट का एक पद है, लेकिन वह खाली है। इस वजह से दो महिला डॉक्टर ही गर्भवती महिलाओं की




जांच करती हैं, बाकी मरीजों की नहीं हो पाती है।

### आष्टा...150 गांवों की उम्मीदें, लेकिन सोनोग्राफी मशीन सिर्फ शोपीस

सिविल अस्पताल आष्टा की स्थिति इससे भी ज्यादा निराशाजनक है। यहां रोज 500-600 मरीज आते हैं, लेकिन सोनोग्राफी मशीन चार साल से शोकेस की सजावट बनी हुई है। हर महीने सिर्फ 9 और 25 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवतियों की जांच की जाती है। सोनोग्राफी के लिए मरीजों को मजबूरन बाहर निजी केंद्रों पर जाना पड़ता है, जहां फीस 1000 से 2500 के बीच है। जो गरीब घर से दवाई के पैसे भी उधार लेकर आता है, उसकी मजबूरी कौन समझे? इस संबंध में बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर का कहना है कि हर महीने 9 व 25 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की अनुबंधित जगह सोनोग्राफी कराई जाती है। अस्पताल में सोनोग्राफी नहीं हो पाती है।

### भैरुंदा...सप्ताह में सिर्फ तीन दिन और सिर्फ गर्भवती महिलाओं के लिए जांच

भैरुंदा सिविल अस्पताल में वर्ष 2022 में नई मशीन आई थी। उम्मीद बढ़ी थी कि अब सुविधाएं बेहतर होंगी। लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण आज भी सप्ताह में केवल सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को महिला डॉक्टर गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी करती हैं। बाकी मरीजों को बाहर भेज दिया जाता है। अस्पताल प्रबंधन कई बार शासन को पत्र लिख चुका है, पर सुनवाई कौन करे? मरीजों की तकलीफ सरकारी व्यवस्था की भीड़ में कहीं गायब होती जा रही है। भैरुंदा के बीएमओ डॉ. मनीष सारस्वत का कहना है कि रेडियोलॉजिस्ट नहीं है, इस कारण से महिला डॉक्टर ही सप्ताह में तीन दिन गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी करती हैं। हमारी तरफ से इसे लेकर उच्च स्तर पर अवगत कराया है।

### असली सवाल...कब तक? इलाज का अधिकार सुविधा नहीं, जरूरत है

रेडियोलॉजिस्ट की कमी कोई नई बात नहीं, लेकिन आठ साल से लगातार बिगड़ती स्थिति एक बड़ा सवाल खड़ा करती है। क्या गरीबों का स्वास्थ्य वाकई सरकार की प्राथमिकता है? सोनोग्राफी सिर्फ गर्भवती महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि हर गंभीर बीमारी की शुरुआती जांच है। मशीनों को दिखावे की वस्तु बनाकर छोड़ देना और मरीजों को निजी क्लीनिकों के भरोसे छोड़ देना न केवल लापरवाही है बल्कि असंवेदनशीलता भी।

### मजबूरी का फायदा निजी सोनोग्राफी सेंटरों की बल्ले-बल्ले

जब सरकारी व्यवस्था दम तोड़ रही हो तो निजी सोनोग्राफी सेंटरों की कमाई शुरू हो जाती है। सीहोर, आष्टा और भैरुंदा में निजी क्लीनिक 1000 से लेकर 2500 रुपए तक वसूल रहे हैं। सही इलाज पाने के लिए गरीबों का दर्द यहां रुपए में तौला जाता है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती कहते हैं कि सरकारी अस्पताल में इलाज नहीं मिलने से कई परिवारों को जांच के लिए गहने गिरवी रखना पड़ते हैं, कई किसान फसल पर कर्ज चुकाने से पहले बीमारी के नाम पर उधारी और बढ़ा लेते हैं। इलाज का हक जिनका है, वही उसके लिए तरस रहे हैं।

## जुआ खेलते 14 गिरफ्तार, 1.37 लाख नकद, 15 मोबाइल और 2 वाहन जब्त



**सीहोर।** जिले के इछावर थाना पुलिस ने गुराड़ी जोड़ के पास एक टपरी में जुआ खेलते हुए 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 1,37,420 रुपए नकद, 15 मोबाइल फोन, ताश के पत्ते और दो चार पहिया वाहन जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी इछावर निरीक्षक पंकज कुमार वाडेकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग टपरी में रुपये की हार-जीत के लिए जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर छापा मारा और सभी आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया।

गिरफ्तार लोगों में मेहबूब शाह, शोएब शेख, अर्जुन खाती, अकील पठान, आबुल खा, अजीज खां, राकेश देवड़ा, इकबाल खां, अनवर पठान, अमन खान, आमिर कुरैशी, सुभान शाह, जकरिया खान और हकीम मंसूरी शामिल हैं। सभी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## स्कूल के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद

**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धा आश्रम में शनिवार की सुबह आईईएस स्कूल के छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने वृद्ध आश्रम का भ्रमण करवाया। यहां पर विद्यार्थियों ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और उनके साथ समय बिताया। स्कूल की ओर से कार्यक्रम के प्रभारी ने बताया कि विद्यार्थियों में नैतिकता तथा अपने बड़े बुजुर्गों के मान सम्मान की भावना पैदा करने के उद्देश्य से स्कूल विद्यार्थियों को स्थानीय वृद्ध आश्रम ले जाया गया। यहां पर विद्यार्थियों ने अपनी पाकेट मनी से एकत्रित की गई राशि से बुजुर्गों को कंबल, राशन सामग्री का सामान आटा, दाल, साबुन, तेल, घी, फल आदि सामान प्रदान किया। इसी तरह छात्राओं ने फल आदि बुजुर्गों को खिलाया। इस मौके बच्चों द्वारा बुजुर्गों से हंसी ठठोली की गई वहीं बुजुर्गों ने अपने जीवन के अनुभव भी बच्चों से सांझा किए। इस मौके बुजुर्गों ने बच्चों को अपने बुजुर्गों, मां बाप तथा गुरुजनों का सदैव सम्मान करने के लिये प्रेरित किया।



### कलर बेल्ट प्रतियोगिता में 50 से अधिक खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**सीहोर।** शनिवार को मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में शहर के इंदौर नाका स्थित कराटे कोचिंग सेंटर में कराटे कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 60 से अधिक बच्चों ने भाग किया। इसमें 50 बच्चे सफल रहे। इन्हें पुरस्कृत किया गया। मुख्य प्रशिक्षक कराटे मास्टर कोच लखन ठाकुर के नेतृत्व में कराई गई। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विमला ठाकुर, त्र्यंबक ठाकुर, जिमांशु शर्मा सहित अन्य ने निभाई। प्रतिभागियों में रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, रेडक्रास सोसाइटी के सचिव विपुल चांडक, संस्कार मंच के सचिव धर्मेन्द्र माहेश्वरी सहित अन्य ने उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कारों का वितरण किया। इस मौके पर संस्था की ओर से बालिकाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया।

## मतदान केंद्र क्रमांक 166 गरेली का एसआईआर कार्य पूर्ण



**नलखेड़ा।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत तहसील के मतदान केंद्र क्रमांक 166 गरेली में चल रहा एसआईआर सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। जानकारी के अनुसार सर्वे में सभी पात्र मतदाताओं का सत्यापन डिजिटल एवं ऑफलाइन किया गया है। रिकॉर्ड का अध्ययन कार्य 100 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। सर्वे टीम में बीएलओ गोविंद यादव उनके साथ पंचायत सचिव अजब सिंह गुर्जर कोटवार सर्वेयर तथा अतिथि शिक्षिका रानू यादव ने घर घर जाकर सर्वे का कार्य पूर्ण किया एवं ग्रामीण जनों का विशेष सहयोग रहा।




## विद्यार्थियों के साथ सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 128वें संस्करण को बूथ क्रमांक 275 कानड़ पर भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री कविता आशीष शर्मा ने विद्यार्थियों के साथ सुना। शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को हमेशा मन की बात कार्यक्रम को सुनना चाहिए, क्योंकि इसमें कई सारे प्रेरणा स्रोत प्रसंग हर बार प्रधानमंत्री रखते हैं जिनसे विद्यार्थी अपने जीवन में बहुत कुछ सीख सकते हैं।

## एसआईआर कार्य समय से पूरा करने पर बीएलओ का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश में मतदाता सूची का शुद्धिकरण का कार्य बड़े स्तर पर किया जा रहा है। प्रदेश में हजारों कर्मचारी इस कार्य के लिए दिन रात लगे हुए हैं। कानड़ नगर के भी बीएलओ दिन रात कार्य को जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं।

नगर के बीएलओ द्वारा 100% कार्य पूर्ण करने पर रविवार को उनका स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री कविता आशीष शर्मा के माध्यम से नगर परिषद उद्यान में कानड़ नगर के सभी बीएलओ महेश पाठ, शोएब अली, ओमप्रकाश शर्मा, शंकरलाल बरेठा, रूपेंद्रसिंह ठाकुर, जसवंतसिंह जाधव एवं कानड़ नगर के सुपरवाइजर राधेश्याम वर्मा का विधायक प्रतिनिधि दिनेश बिजापारी अंकल, देवनारायण गोड, अंकुर शिंदे, महेश सूर्यवंशी, रमेश माली, भरत संगवालिया द्वारा उनका कार्य शत प्रतिशत कार्य पूर्ण होने पर सभी का पुष्पाहार एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री कविता शर्मा ने कहा सभी बीएलओ को बधाई जिन्होंने अति महत्वपूर्ण कार्य को समय सीमा से पहले ही पूर्ण कर लिया।



### एसआईआर कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक संपन्न

# 'एसआईआर नागरिक अधिकारों की रक्षा का महत्वपूर्ण आधार है'

#### वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं का किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा






भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण का प्रथम चरण कार्य को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को संपन्न हुई। जिसमें पार्टी के जिला प्रभारी बहादुर मुकाती तथा वरिष्ठ जनों ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे एसआईआर कार्य का प्रथम चरण 4 दिसम्बर तक चलेगा जोकि अब अंतिम दौर में है। इस कार्य को लेकर शनिवार को स्थानीय बल्डावदा हनुमान मंदिर पर भाजपा एसआईआर जिला प्रभारी बहादुर मुकाती ने नलखेड़ा, धरोला, बडागांव मंडल के कार्यकताओ की समीक्षा बैठक ली।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, आगर विधायक मधु गहलोत, जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, जिला मंत्री पवन वेदिया, बड़ागांव मंडल अध्यक्ष दरबार सिंह, धरोला मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह चंद्रावत नलखेड़ा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, मंडल महामंत्री बिरम मालवीय आदि उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मुकाती ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण एक संवैधानिक प्रक्रिया होने के साथ साथ लोकतंत्र को सुरक्षा, पारदर्शिता और नागरिक अधिकारों की रक्षा का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने बताया कि एस आई आर अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ें और कोई भी वास्तविक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए मतदाता सूची का शुद्धिकरण केवल चुनाव के लिए नहीं बल्कि राष्ट्रीय निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहाकि बूथ स्तर पर जाकर जनता को जागरूक करें। क्योंकि एस आई आर का यहां कार्य केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि ये लोकतांत्रिक मूल्यों को मज़बूत करने वाला जन अभियान है। पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जाकर जनता को जागरुक करना होगा और उन्हें सही जानकारी उपलब्ध करानी होगी। उन्होंने बताया कि अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा और इस अवधि में ज़िले के सभी मंडल और बूथ समितियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़े इसके साथ ही विवाह के बाद परिवार में शामिल हुए नये सदस्यों के नाम को जोड़ाना भी आवश्यक है। बैठक को जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने भी संबोधित किया। बैठक का शुभारंभ श्यामाप्रसाद मुखर्जी व पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पन से हुआ।

### शिशु मंदिर के लेखापाल का हृदयघात से आकस्मिक निधन



*नलखेड़ा। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में वर्षों से कार्यालय प्रमुख व लेखापाल ललित चव्हाण का रविवार तड़के हृदयघात से आकस्मिक निधन हो गया। हंसमुख व मिलनसार ललित चव्हाण के निधन के समाचार से नागरिक स्तब्ध रह गए। रविवार सुबह 11 बजे उनके निवास प्रतापपुरा से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। जिसमें गणमान्य नागरिकों के साथ ही बड़ी संख्या में उनके परिचित शामिल हुए। मुक्तिधाम पर उनके पुत्र व परिजनों द्वारा मुखाग्नि दी गई। मुक्तिधाम पर हुई शोकसभा में विद्याभारती, भाजपा व सामाजिक संगठनों से जुड़े गणमान्य नागरिकों द्वारा उनकी कर्तव्यपरायणता कार्य के प्रति ईमानदारी एवं मिलनसारिता के उदाहरण देते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।*

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### अमृत नगर खाटू श्याम मंदिर का वार्षिक महोत्सव आज



**देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर का 16वाँ वार्षिक महोत्सव 1 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। खाटू श्याम बाबा के भक्त पिछले 15 दिनों से महोत्सव की तैयारियों में जुटे हुए हैं। शीश के दानी बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार उज्जैन के कलाकारों द्वारा मोगरा, चमेली, गुलाब सहित रंग-बिरंगे फूलों से किया जाएगा। महोत्सव में 56 भोग और पवित्र ज्योत दर्शन की विशेष व्यवस्था रहेगी। रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आमंत्रित भजन गायक यशवंत चावड़ा (सोनकच्छ) और हिमांशु विजयवर्गीय (देवास) श्याम भजनों की प्रस्तुति देंगे। सुबह 9 बजे निशान यात्रा खेड़ापति मंदिर से प्रारंभ होगी, जो सायाजी द्वार, एबी रोड, जवाहर नगर होते हुए अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंचेगी। निशान यात्रा में शामिल भक्त हाथों में निशान लेकर जयकारे लगाते हुए बाबा को निशान अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। श्याम भक्तों ने बताया कि बाबा श्याम का यह मंदिर शहर का आस्था केंद्र बन चुका है। कहा जाता है कि बाबा सबकी सुनते हैं और अपने भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करते हैं। महोत्सव के दौरान बाबा खाटू नरेश की महाआरती शाम 6:45 बजे होगी। वहीं साबूदाने की खिचड़ी का चलित भंडारा शाम 6 बजे से प्रारंभ होगा। महोत्सव के अवसर पर मंदिर के पट पूरे दिन खुले रहेंगे। मंदिर समिति ने शहर की धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार पधारकर अपने आराध्य श्याम देव के दर्शन करने और आशीर्वाद प्राप्त करने का निवेदन किया है।

### लापरवाही बरतने 26 बीएलओ और दो पटवारियों को नोटिस

**देवास।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम देवास द्वारा 26 बीएलओ और दो पटवारियों को नोटिस जारी किए गए। जिसमें पटवारी मनीष शर्मा, अरुण जाटव और बीएलओ प्रमिला भण्डारी, वंदना देवरे, रुकसाद खान, जितेन्द्र मालवीय, रेखा योगी, तरुनम शेख, कल्पना पवार, ममता पंवार, सोनूबाला बैरागी, सुनिता, रोशनी, कान्ता यादव,लक्ष्मी मालवीय, नीता श्रीवास्तव, ज्योति सोलंकी, बिंदुबाला शर्मा, कविता राजपुत, जाग्रती यादव, ज्योति मित्तल, सोनी देवडा, रीना बाघेला, किरण, लक्ष्मी, तारा राजोरिया, रिंकु शर्मा, रेखा अम्बोदिया को नोटिस दिया है।

### भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद ने ग्रामीण बूथ पर सुनी मन की बात

# राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य के साथ सुनी मन की बात, प्रदेश स्तर के नेता भी रहे मौजूद





### समसामयिक विषयों, सकारात्मक पहलों और सामाजिक सहभागिता के संदेशो को सुना ध्यानपूर्वक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने रविवार को देवास जिले के हाटपिपालिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम बांगर के बूथ क्रमांक 10 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रतिष्ठित कार्यक्रम मन की बात का सीधा प्रसारण कार्यकर्ताओं के साथ सुना। कार्यक्रम के दौरान संगठन महामंत्री हितानंद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के समसामयिक विषयों, सकारात्मक पहलों और सामाजिक सहभागिता के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना और उपस्थित कार्यकर्ताओं से चर्चा भी की।

कार्यकर्ताओं ने भी प्रधानमंत्री के विचारों पर उत्साह व्यक्त करते हुए बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करने का संकल्प दोहराया। जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि पार्टी द्वारा जिले में बूथ स्तर पर लगातार ऐसे जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे संगठन और समाज के बीच सीधा संवाद स्थापित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि मन की बात जैसे कार्यक्रम कार्यकर्ताओं और नागरिकों में नई ऊर्जा का संचार करते हैं और सकारात्मक भारत की दिशा में सामूहिक प्रयास को प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, दिलीप जाट, मोहित जाट, कपिल सिंह पवार सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं बूथ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मन की बात कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेश को जन जन तक पहुंचाने और सरकार की जनहितकारी योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में सुनी मन की बात

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने रविवार को देवास जिले के भाजपा कार्यालय पर, देवास विधानसभा के बूथ संख्या 183, वार्ड क्रमांक 25 में आयोजित सभा में मन की बात कार्यक्रम सुना। इस अवसर पर पार्टी की स्थानीय व प्रदेश स्तर की कई बड़ी हस्तियाँ उपस्थित थीं, जिनमें उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष भगवानसिंह परमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन विशेष रूप से उपस्थित हुए। 'मन की बात' के 128वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि नवंबर 2025 बहुत सी प्रेरणाएं लेकर आया है। उन्होंने 26 नवंबर को हुए संविधान दिवस के विशेष कार्यक्रम, वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर देशभर में हुए आयोजन, 25 नवंबर को अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा फहराने तथा कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पंचजन्य स्मारक का लोकार्पण सहित राष्ट्रीय-सांस्कृतिक गौरव की घटनाओं का उल्लेख किया।

उन्होंने बताया कि हैदराबाद में विमान निरीक्षण, मरम्मत व ओवरहाल की दुनिया की सबसे बड़ी सुविधा का उद्घाटन हुआ है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना में आईएनएस माहे को शामिल किया गया है और देश के अंतरिक्ष क्षेत्र को स्काई रूट के इन्फिनिटी कैंपस के माध्यम से नई गति मिली है। पीएम मोदी ने कृषि क्षेत्र की उपलब्धि का भी विशेष उल्लेख किया और कहा कि भारत ने 357 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन कर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है, जो पिछले दस सालों में 100 मिलियन टन की वृद्धि दर्शाता है। खेलों के क्षेत्र में भी देश की प्रगति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय टीमों ने विभिन्न टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन किया है और देशवासियों को इस पर गर्व है। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के संबोधन को गौरवान्वित अनुभव माना।

उन्होंने मिलकर संकल्प लिया कि वे पार्टी के माध्यम से प्रधानमंत्री के संदेश और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाएंगे। साथ ही यह कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती देने और सामाजिक-जागरूकता बढ़ाने का निरंतर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटरिया, महामंत्री राजेश यादव, पार्षद विजय सिंह पवार, मनीष सेन, वासुदेव परमार, जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार, मंडल अध्यक्ष सुरेश सिलोदिया, मनीष पारीख, सोनू परमार, विजय गहलोत सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# बाउंड उल्लंघन करने पर आदतन अपराधी करण सिंह से जमा करवाई बाउंड राशि

### ऑपरेशन पवित्र के तहत की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस द्वारा 1 नवंबर 2024 से ज़िले में ऑपरेशन पवित्र प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत आसामाजिक तत्वों एवं आदतन अपराधियों को शांति कायम रखने हेतु अधिक से अधिक राशि से बीएनएसएस के प्रावधानों के तहत बाउण्ड ओवर किया जा रहा है एवं बाउण्ड ओवर अवधि में पुनः शांति भंग करने पर धारा 141 बीएनएसएस के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए आदतन बदमाशों से बाउण्ड राशि भरवाई जा रही है अथवा राशि ना भरने पर उन्हें जेल भेजा जा रहा है ।इसी अनुक्रम में अनावेदक करणसिंह पिता भेरुसिंह गुर्जर उम्र 52 साल निवासी होशियारी जिला देवास को थाना विजयागंजमण्डी पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों के चलते बीएनएसएस की सुसंगत धाराओं में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए सीधे राह चलने की सख़्त हिदायत देकर शांति क़ायम रखने हेतु 5,000/- की राशि से 06 माह हेतु फाइनल बाउण्ड ओवर करवाया गया था । परंतु अनावेदक द्वारा बाउण्ड अवधि में पुनः अपराध कारित कर ना सिर्फ़ शांति भंग की बल्कि बाउण्ड शर्तों का भी उल्लंघन किया। अनावेदक के विरुद्ध बाउण्ड अवधि में थाना विजयागंजमण्डी पर अपराध क्रमांक 102/19.05.2025 धारा 296,115(2),351(3),3(5) बी.एन.एस.ईजाफा धारा 117(2) बी.एन.एस का पंजीबद्ध किया गया एवं बाउण्ड अवधि में बाउण्ड शर्तों का उल्लंघन करने पर धारा 141 बीएनएसएस के तहत बाउंड उल्लंघन की कार्यवाही कर प्रकरण कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील देवास में पेश किया गया था। कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील देवास द्वारा संपूर्ण विचारण उपरांत धारा 141 बीएनएसएस के तहत अनावेदक द्वारा बाउण्ड उल्लंघन करने पर आरोपी द्वारा बाउण्ड राशि 5,000/- रुपये शासन पक्ष में शनिवार को जमा करवाई गई । पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने बताया कि "ऑपरेशन पवित्र₹ का उद्देश्य जिले में जन सामान्य को आदतन अपराधियों से भय मुक्त रखना है। इसके तहत आपराधिक इतिहास वाले ऐसे बदमाशों को चिन्हित कर शांति क़ायम रखने हेतु बाउण्ड भरवाया जा रहा है जिनके चलते आम जन में भय बना रहता है और जिनके विरुद्ध जनता शिकायत करने से भी परहेज़ करती है । उक्त बदमाशों को चिन्हित कर फाइनल बाउण्ड ओवर करवाते हुवे सीधे राह चलने की सख़्त हिदायत दी जाती है एवं बाउण्ड की शर्तों का उल्लंघन करने पर त्वरित कार्यवाही करते हुवे उनसे बाउण्ड की बड़ी धनराशि वसूली जाती है या उन्हें जेल भेजा दिया जाता है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य का किया स्वागत



**देवास।** मन की बात कार्यक्रम सुनने देवास पहुंचे भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य का टेकरी रपट मार्ग पर भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला महामंत्री राजेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल व अन्य कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

### शंकरगढ़ पर पुलिस बल वाटिका का किया शुभारंभ



**देवास।** रविवार को शंकरगढ़ पर्वत क्षेत्र में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एवं मध्यप्रदेश के एडीजी (प्रशिक्षण) राजा बाबू सिंह का आगमन हुआ। उन्होंने क्षेत्र का अनौपचारिक निरीक्षण किया और यहाँ संचालित हरित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए टीम ग्रीन आर्मी और वन विभाग के प्रयासों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विलुप्त प्रजातियो जैसे दहीमान, त्रिवेणी के साथ अधिक से अधिक पौधों के अतिरिक्त रोपण का संयुक्त संकल्प लिया। ये सभी पौधे मध्यप्रदेश पुलिस बल वाटिका, शंकरगढ़ में लगाए जाएंगे। एडीजी सिंह ने कहा कि शंकरगढ़ की पारिस्थितिकी का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर औद्योगिक थाना टीआई शशिकांत चौरसिया, सुरेश धाकड़, विनोद जयसवाल टीम ग्रीन आर्मी से समरजीत सिंह जाधव, माखनलाल पटेल, यश पांचाल, तथा वन विभाग से डिप्टी रेंजर राकेश मोदी, किरण राठौर और सरजीत सिंह उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने क्षेत्र के संरक्षण, पुनर्जीवन और संवेदनशील पारिस्थितिकी को सुरक्षित रखने हेतु निरंतर सहयोग देने के संकल्प को दोहराया। एडीजी सिंह ने कहा कि "शंकरगढ़ प्रकृति की धरोहर है। पौधरोपण केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

# पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण के लिए पिता की स्मृति में पौधे किए वितरित




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण की दृष्टि से एक पेड़ पिता के नाम अभियान क्षेत्र में जारी है। ग्राम भमौरी के प्रतिष्ठित पाटीदार झुझरिया परिवार द्वारा दिवंगत समाजसेवी दयाराम पडियार के उत्तर कार्य के अवसर पर उनके पुत्र नारायण सिंह,गौरीशंकर, पोत्र घनश्याम, प्रकाश, दीपक ,भारत एवं गणेश ने सभी मेहमानों एवं परिजनों को फलदार पौधे वितरित किए। कार्यक्रम में श्रद्धांजलि देते हुए शिक्षक हरिशंकर पाटीदार ने स्व. दयाराम के जीवन चरित्र पर विचार व्यक्त करते हुए प्रकृति संरक्षण के इस अनूठे प्रयास की सराहना की तथा सभी अतिथियों को उनके स्मृति स्वरूप प्राप्त पौधे के संरक्षण की अपील की। राकेश पाटीदार द्वारा नवयुवकों को प्रेरित कर श्रद्धांजलि दी गई। एक पेड़ पिता के नाम अभियान का उद्देश्य बताते हुए संस्था श्री सनातन के सदस्य शिक्षक दीपक पाटीदार ने कहा कि वर्तमान प्रदूषित वातावरण को शुद्ध करने एवं जल संकट के निराकरण में वृक्षारोपण महत्वपूर्ण प्रयास है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम 10 से अधिक वृक्ष लगाना चाहिए।

# शीलनाथ महाराज मंदिर में हुई चोरी का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में स्थित प्राचीन शीलनाथ मंदिर से चांदी की चरण पादुकाएं चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले में एक सराफा व्यापारी को भी आरोपी बनाया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से चोरी करने वाले आरोपी को जेल भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान रेवा बाग निवासी अरुण सोलंकी के रूप में हुई। सिविल लाइन पुलिस ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से उसे पकड़ा।सिविल लाइन थाना प्रभारी हितेश पाटिल ने बताया कि 28 नवंबर को आनंदबाग स्थित प्राचीन शीलनाथ मंदिर से दो चांदी की पादुकाएं चोरी हुई थीं। एक लाल टी-शर्ट पहने लड़के ने इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दोनों पादुकाएं बरामद कर ली हैं।पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी अरुण सोलंकी को गिरफ्तार किया । पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने मंदिर से चोरी की गई चांदी की चरणपादुका में से एक को पारस ज्वेलर्स नावेल्टी चौराहा देवास के देवेश जैने को बैची दी थी एवं एक उसके घर पर रखी है । आरोपी की निशानदेही पर से पारस ज्वेलर्स नावेल्टी चौराहा से एक चरण पादुका जप्त कर आरोपी देवेश जैन को गिरफ्तार किया ।पुलिस ने एक जोड़ी चांदी की चरण पादुका कीमत लगभग 20,000 एवं एक मोटर साईकिल (होण्डा शाईन) कीमत लगभग 50,000/- कुल 70,000 का मश्रुका बरामद किया। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक हितेश पाटिल,प्रआर पवन पटेल,सुरेश कुमावत,आर अरूण चावड़ा की सराहनीय भूमिका रही ।

### 251 जोड़ों के निःशुल्क विवाह एवं भागवत कथा, यज्ञ हेतु भूमिपूजन व बैठक संपन्न

# 22 से शुरू होगी भागवत कथा, 28 को होगा विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



विश्व हिन्दू परिषद् के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत् कथा ज्ञान गंगा यज्ञ ज्ञान गंगा सप्ताह विहिप जिलाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीमद भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ, ज्ञान गंगा सप्ताह एवं निःशुल्क विवाह समारोह का आयोजन होने जा रहा है। उक्त आयोजन की तैयारियों को लेकर 30 नवंबर को पुराने पुल के पास, ज्योति कालोनी, क्षिप्रा में आयोजन स्थल पर भूमिपूजन एवं बैठक विश्व हिंदू परिषद प्रांत समरसता सह प्रमुख शिवजी शर्मा, कथावाचक अर्चना शर्मा, रमेश कौशल, गोपाल सिंह राजपूत, कपिल सिंह पवार, नरेंद्र शर्मा एवं अतुल शुक्ला के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। आयोजन समिति के घनश्याम मोदी एवं रूख्मणि परमार ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप अग्रवाल एवं समस्त अग्रवाल परिवार ने बैठक में होने वाले दिव्य आयोजन को लेकर की गई बैठक में निःशुल्क विवाह समारोह में शामिल होने वाले जोड़ों के परिजनों को आमंत्रित किया। मुख्य वक्ता अर्चना शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विगत 15 वर्षों से दिलीप अग्रवाल मित्रमंडल और श्री हरिकृष्ण मानव गौ सेवा संस्थान, देवास के तत्वावधान में यह दिव्य आयोजन हो रहा है। जिसे प्रदेशभर से वैवाहिक जोड़े परिवार के साथ शामिल होते है। दीदी ने आगे कहा कि श्रीमद् भागवत् कथा ज्ञान गंगा यज्ञ, ज्ञान गंगा सप्ताह का शुभारंभ 22 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे क्षिप्रा तट हाट मैदान क्षिप्रा से कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा के साथ होगा। विश्व विख्यात परम पूज्य 1008 महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी के श्रीमुख से होने वाली कथा में धुंधकारी मोक्ष एवं बिहारी श्री दर्शन, कुंती स्तुति, सुखदेव आगमन, ब्रिजरानी दर्शन, श्रीराम जन्मोत्स्व, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, श्री कृष्ण बाललीला एवं गोवर्धन दर्शन, कंश मर्दन, रूख्मणी मंगल प्रसंग, सुदामा चरित्र आदि सचित्र प्रसंग होंगे। कथा की पूर्णाहूति 28 दिसम्बर को होगी। पूर्णाहूति के दिन 251 जोड़ों का निःशुल्क विवाह होगा। जिन्हें उपहार स्वरूप आयोजक द्वारा बर्तन, गोदरेज, सोफा सेट,श्रृंगार अलमारी, सिंगल बेड, टी-टेबल आदि दिए जायेंगे। साथ ही प्रातः 10 से रात्रि 6 बजे तक महाप्रसादी (भण्डारा) होगा। निःशुल्क विवाह सम्मेलन में देवास सहित इंदौर, देपालपुर, बेटमा,धार, अलीराजपुर, उज्जैन, तराना, मक्सी, शाजापुर, ब्यावरा, राजगढ़,आष्टा,सिहोर, भोपाल, हरदा, होशंगाबाद, बैतूल आदि स्थानों से आए वर-वधु के परिजनों को विवाह समारोह की रूपरेखा के बारे में बताया। साथ ही कथा के लिए भी आमंत्रित किया। कथा की पूर्णाहूति पर करीबन 1 लाख से अधिक श्रद्धालुजन सम्मिलित होंगे। इस दौरान रोहित खींची, गोकुल ठाकुर, ऋतिक मिश्रा, रजत रघुवंशी, अभिजीत ठाकुर, दीपक ठाकुर, अजय प्रजापत, विशाल रावत, अनुज प्रजापत, अशोक पांचाल, महेंद्र सिंह लोधी, दिलीप मिश्रा, बाबूलाल चौहान, संजय यादव, माधुरी अग्रवाल, अजय विजय करेटिया, मोहित, पंकज, दीपक, पवन नायक, सुमुख पाटीदार, लक्की, गोपी पटेल, अक्षय पटेल, प्रवीण पाटीदार, सिद्धार्थ, दीपक यादव, गौरव चौहान, लाखन सिंह सहित बडी संख्या में स्थानीय व वर-वधू के परिवारजन शामिल हुए।

# भजन संध्या में देर रात तक भजनों पर झूमे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर की पाटीदार समाज धर्मशाला में शनिवार शाम मारुति नंदन परिवार की ओर से एक शाम सांवरिया सेठ के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। भगवान सांवरिया सेठ के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर भजन संध्या प्रारंभ की गई। भजन संध्या में भजन गायक संदीप वैष्णव, धर्मेंद्र सिंह गौड द्वारा भजनों की प्रस्तुत दीदी दी गई। भजन गायक प्रिया चौधरी द्वारा गणेश आराधना के साथ भजन संध्या प्रारंभ की गई। इस दौरान आयोजनकर्ता सिद्धनाथ पाटीदार, जितेंद्र पाटीदार, धर्मेंद्र पाटीदार संजय पाटीदार, शंकर पाटीदार द्वारा सभी गायक कलाकारों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। सांवरिया सेठ, भोलेनाथ, खाटू श्याम के भजनों पर सभी श्रोता झूमते हुए नजर आए। देर रात तक भजन संध्या का आयोजन होता रहा।इस दौरान बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### उपकरण के लिए 165 दिव्यांग बच्चे चिन्हित

**ललितपुर**। एलिम्को कानपुर एवं राज्य परियोजना लखनऊ के सहयोग, बीएसए के निर्देशन में परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत विशिष्ट आवश्यकता वाले शारीरिक, मानसिक दृष्टि एवं श्रवण बाधित दिव्यांग बच्चों हेतु सहायक उपकरण के लिए आदर्श विद्यालय में शनिवार को एक मापन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 165 बच्चों को चिन्हित किया गया। इन बच्चों को 28 दिसंबर को उपकरण वितरण हेतु शिविर आयोजित किया जायेगा जिसमें चिन्हित बच्चों को उपकरण वितरित किए जायेंगे। बीएसए ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक पुनर्वास के लिए सहायक उपकरण की सबसे बड़ी जरूर होती है। सुजीत मौर्य ने कहा कि मापन शिविर का मुख्य उद्देश्य यही है कि जनपद के अधिक से अधिक दिव्यांग बच्चे लाभान्वित हो सकें। मापन शिविर में डा.पिंटू, प्रेरणा, डा.राजीव, डा.अरविंद कुमार, प्रिंस सिंह, शिवकुमार मौर्य, पुनीत कुमार, प्रतीक कुमार, सुधा सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, ज्ञानेश तिवारी, शशिकला, हरिओम, रवि भास्कर मौजूद रहे।

### डिवाइडर से टकराई बाइक, तीन घायल

**ललितपुर** । बीती रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे पर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे बाइक चालक सहित तीन लोग घायल हो गए दो की हालत गम्भीर होने पर झांसी मेडिकल कालेज रिफर किया गया है। बाइक सवार तीनों शादी समारोह से गांव लौट रहे थे तभी रास्ते मे हादसा हो गया। थाना नाराहट अंतर्गत कस्बा में रहने वाले 20 वर्षीय लखन शनिवार की शाम गांव के बलराम पुत्र प्रकाश (20) व लक्ष्मण पुत्र मूलचन्द्र (20) के साथ शादी समारोह में ललितपुर आए हुए थे, जब वह तीनों रात दो बजे वापिस ललितपुर गांव नाराहट जा रहे थे, जब वह लोग हाईवे 44 पर स्थित ग्राम बिरधा के निकट पहुंचे ही थे कि तभी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। जिससे बाइक चालक सहित तीनों घायल हो गए।

### बोलेरो की मांग कर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर**। दहेज में बोलेरो कार की मांग करते हुये ससुरालियों ने महिला को शादी के बाद से ही प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि ससुरालियों ने जान से मारकर फेंक देंने और सबूत के तौर पर सिलेण्डर फटने से मौत होने का दावा करते हुये पूरे मामले को हादसा दिखाने की धमकी दी। महिला ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र दिया है। अब पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। थाना महरौनी अंतर्गत ग्राम सिंगेपुर में रहने वाली रानी पुत्री दयाराम अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 18 अप्रैल 2025 को शहर के मोहल्ला नेहरूनगर निवासी सुमित पुत्र दिनेश अहिरवार के साथ सम्पन्न हुआ था। शादी में उसके पिता ने साढ़े तीन लाख रुपये कीमत की बुलेट मोटर साइकिल, दो लाख रुपये नकद, एक सोने की अंगूठी, चार लाख रुपये के दहेज में सोफा, वॉशिंग मशीन, कलर टी.वी., फ्रिज, इलैक्ट्रॉनिक सामान इत्यादि दिया था। बावजूद इसके ससुरालियों में ससुर दिनेश अहिरवार, सास द्रोपती, पति सुमित, नन्द माधुरी, देवर विक्की, बड़े मामा मुकेश, मौसी मोना आदि ने एकराय होकर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### उधारी मांगने पर परिवार के साथ की मारपीट

**ललितपुर**। थाना मदनपुर के ग्राम नयाखेड़ा निवासी अजय सिंह पुत्र हरदास ने थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 26 नवम्बर को सुबह करीब 9 बजे वह गांव के नन्दराम पुत्र मुन्नी उसकी दुकान पर गुटखा लेने के लिए आया, तो उसके पुत्र प्रेमसिंह ने पहले के उधारी का पैसा मांग लिया। आरोप है कि इस बात से क्षुब्ध होकर नन्दराम गालियां देते हुये चला गया। कुछ समय पश्चात नन्दराम अपनी पत्नी पूजा, मुन्नी पुत्र महाराज सिंह, सियारानी पत्नी मुन्नी, सुशीला के साथ एकराय होकर आया और उसकी पुत्रवधू कमलेश व मथुरा पत्नी फूलसिंह से मारपीट कर दी।

# गीता का संदेश है फल की इच्छा किए बिना कर्म करो, दूसरा रास्ता नहीं: शर्मा

**ललितपुर**। गीता जयंती के अवसर पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि सारे संसार में प्रेम से पढ़ा जाने वाला ग्रंथ गीता " हजारों वर्षों से ज्ञान और कर्म का आलोक बिखेर रहा है । जीवन के बेसुरेपन को दूर करके गीताज्ञान, क्या है ? और क्या होना चाहिए ? के मध्य व्यवहारिकता का पुल बिछाता है । गीता कृष्ण-अर्जुन संवाद में जो कुछ है , वह दूसरी जगह भी मिल सकता है पर जो इसमें नहीं है वह कहीं भी नहीं मिल सकता । गीता हमसे कहती है - हम संसार में रहें , संसार छोड़ भागें नहीं । योगेश्वर कृष्ण अर्जुन के रथ के सारथी हैं । उसके ज्ञान प्रदाता भी हैं, और शाम के समय युद्ध बंद होने पर घोड़ों को पानी पिलाते हैं । अपने पीतांबर में दाना -रतेवा बांधकर घोड़ों को खिलाते हैं । राजसूय यज्ञ में भंडारे की जूठी पत्तलों को उठाकर स्वच्छता का जिम्मा स्वयं लेते हैं । अंग्रेज प्रशासक वारेन हेस्टिंग्स ने विश्व के प्रथम गीता के अनुवाद की अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका में लिखा है



कि जब भारत में ब्रिटिश साम्राज्य लुप्त हो जाएगा तब इसके धन और समृद्धि के स्त्रोतों की याद भी बाकी न रहेगी, तब गीता के सार्वभौम सिद्धांत विश्व के लाखों लोगों को प्रेरणा देते रहेंगें।महाभारत के जो 700 श्लोक गीता के कृष्णा अर्जुन संवाद के रूप में माने जाते हैं , वे कुरुक्षेत्र की युद्ध भूमि में दिए गए हैं । अतः गीता जीवन में सतत चलने वाले संघर्ष की प्रेरणा देता है कि मनुष्योचित जीवन की स्थापना के लिए हम अर्जुन की तरह मानव द्रोही नर पिशाचों पर सरसराते तीर चलाते हुए विजय प्राप्त करें । स्वयं को निमित्त और ईश्वर को साक्षी-दृष्टा मानकर , फल की इच्छा किये बिना कर्म करो ! कर्म करो। इसके अलावा दूसरा रास्ता नहीं । स्वामी विवेकानन्द का कहना है कि गीता सबसे पहले विद्यार्थियों को खेल के मैदान में पढ़ाई जानी चाहिए , जहां पर हार होने पर ना तो हताश निराश हों , और ना जीतने पर अहंकार में आ जाएं । हार और जीत को समान भाव से मानकर अग्रसर हो ।

## शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने हेतु एडीएम ने बढ़ाया उत्साह

# अंतिम तिथि नजदीक, घर-घर पहुंचकर कार्मिक एसआईआर फार्म भरें: एडीएम

नपा सभागार कार्यशाला में कार्मिकों को 2003 व 2025 की मतदाता सूची कराई उपलब्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान की अंतिम तिथि को देखते हुए एडीएम अंकुर श्रीवास्तव व एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव ने नगर पालिका परिषद सभागार में एसआईआर कार्मिकों की कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के दौरान अभियान में लगे सभी कार्मिकों को एसआईआर के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए वर्ष 2003 एवं 2025 की कंपाइल की मतदाता सूची का वितरण किया गया व पीडीएम भी उपलब्ध कराई गई, ताकि मिलान में कोई समस्या न आए।

उन्हें बताया गया कि अभियान की अंतिम तिथि 4 दिसंबर है, इसलिए आज और अभी से क्षेत्र में निकलकर घर घर दस्तक दें और लोगों से फार्म भरवाएं ताकि सभी की भागीदारी से ये अभियान शत प्रतिशत सफल हो सके। कार्यशाला के दौरान कुछ बीएलओ की प्रगति उत्कृष्ट रही, जिस पर ताली बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया और अन्य कार्मिकों की सहायता करने को कहा गया। इसके साथ ही मतदाताओं से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांति पर विश्वास न करें, किसी भी वैद्य मतदाता का नाम नहीं कटेगा।

### निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन फॉर्म भरा जा सकता है

बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराय गए गणना फार्म के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन फॉर्म भरा जा सकता है, साथ ही वेबसाइट पर निर्वाचक पिछले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली मे अपना और संबंधित रिश्तेदारों का नाम देख सकते हैं और गणना प्रपत्र से विवरण उपलब्ध करा सकते हैं और सहायता के लिए, निर्वाचक संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। यह भी बताया गया कि एसआईआर के प्रथम चरण की अंतिम तिथि 4 दिसम्बर है, बीएलओ के द्वारा सभी के घरों में गणना फार्म पहुंचाये जा रहे हैं, सभी लोग जल्द से जल्द अपना अपना फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, यदि फार्म भरने में कोई कठिनाई आ रही है तो इसके लिए पंचायत स्तर के कर्मचारी जैसे पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, लेखपाल, बीएलओ आदि की सहायता ले सकते हैं, ये कर्मचारी आपका फार्म स्वयं भरकर आपसे वैरिफाई कराने के उपरान्त हस्ताक्षर करायेंगें और जमा कर लेंगे। अंतिम तिथि बीत जाने के बाद निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उन निर्वाचकों को नोटिस जारी करेगा जिनका गणना-प्रपत्र में दिया गया विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली का विवरण या तो उपलब्ध नहीं है या डेटाबेस से मेल नहीं खाता है।

### सपा नेताओं ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा

**ललितपुर**। मोहल्ला गांधीनगर स्थित प्रशांति विधा मंदिर में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह एवं बीएलए राममूर्ति तिवारी ने पहुंचकर चल रहे मतदान पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों नेताओं ने बूथ स्तर पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने-कटने, सुधार एवं सत्यापन कार्य की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। उन्होंने बीएलओ से लंबित प्रपत्रों, घर-घर सत्यापन, नयी उम्रदराज़ मतदाता प्रविष्टियों और दिव्यांग/वरिष्ठ नागरिकों के विशेष ध्यान पर जानकारी प्राप्त की। सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। वहीं बीएलए राममूर्ति तिवारी ने मतदाता सूची में त्रुटियों को समय से ठीक करने और प्रत्येक आवेदक को सही जानकारी देने पर जोर दिया। इस दौरान अनेक मोहल्लेवासी मौजूद रहे।



## सेन समाज का छात्र सम्मान समारोह

# विकास का आधार-शिक्षा हमारा अधिकार: हरीराम

शिक्षा से ही वर्तमान और भविष्य की प्रगति : घनश्यामदास सेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति उ.प्र. की एक आवश्यक बैठक प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार के मुख्य आतिथ्य व प्रदेश महासचिव हरीराम ओमरे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में सेन समाज के द्वितीय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आगामी 21 दिसम्बर को आयोजित किये जाने की रूपरेखा तैयार की गयी।

बैठक में हाई-स्कूल, इण्टर मीडिएट व स्नातक के विद्यार्थी जिन्होंने वर्ष 2024-25 में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं, ऐसे विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते हैं। मेधावी विद्यार्थियों के लिए फार्म भरकर अंकपत्र की छायाप्रति व दो फोटो संलग्न करना होगा। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार ने कहा कि शिक्षा से ही वर्तमान और भविष्य की प्रगति है। शिक्षा से ही मेधावियों के भविष्य की नई राह तय होगी, जिससे वह वर्तमान और भविष्य की प्रगति तय है और उनका भविष्य विकास की गतिशीलता को प्राप्त कर जीवन की नई प्रेरणा बनते हैं। अध्यक्षता करते हुये प्रदेश महासचिव हरीराम ओमरे ने कहा कि विकास का आधार, शिक्षा हमारा अधिकार का मायने में सही होता है, जिससे विकास की ओर अग्रसर होकर नया कीर्तिमान बनाते हैं। जिस पर हम आप और सभी को गौरवान्वित होने का सौभाग्य प्राप्त होता है। बैठक में हेतराम सविता, राकेश कुमार सेन, कन्हैयालाल आर्य, देवेन्द्र कुमार सेन, जगदीश सेन, बद्री सेन आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान हेतराम सविता, रामजी, जगदीश शरण याज्ञिक, हरीराम ओमरे, कन्हैयालाल आर्य , कन्हैयालाल सेन, राकेश कुमार सेन, बद्रीप्रसाद, मुकेश कुमार सेन, श्रीराम सेन, रघुवीर सेन, प्रभूदयाल सेन, दयाराम सेन, हरीगोविन्द सेन, गिरीश सविता, रामबाबू याज्ञिक, मनीष याज्ञिक, सीताराम सेन, दर्शन बड़ौनिया, जगभान सेन, अरविन्द कुमार सेन, विनोद कुमार नापित, अशोक कुमार सेन, भूपेन्द्र सिंह शिक्षक, लक्ष्मी नारायण सेन, काशीराम सेन, पुष्पेन्द्र कुमार सेन, कैलाश नारायण सेन, पूरनलाल सेन, मुन्नालाल सेन, अनूप कुमार सेन, रविशंकर सेन, सूर्यप्रकाश सेन, बृजेश सेन, लोकेन्द्र कुमार सेन, हरप्रसाद सेन, सुखलाल सेन, महेन्द्र स्वरूप सविता, आशाराम सेन, स्नेह सेन, आकाश सेन, राजकुमार सेन, प्रकाश नारायण सेन आदि मौजूद रहे। संचालन हेतराम सविता रामायणी ने व आभार देवेन्द्र कुमार सेन ने व्यक्त किया।

### पुत्री को फुसला कर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर**। बालाबेहट थानान्तर्गत रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 26 नवम्बर को सुबह 7 बजे वह घर पर नहीं था। उसी समय उसकी 17 वर्षीय पुत्री को मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना खुरई के ग्राम छपरा निवासी प्रशान्त पुत्र बालकिशन सहरिया उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर प्रशान्त के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## कांग्रेस की कोर कमेटी की बैठक में की गई चर्चा

# छोटे राज्यों की सदैव पक्षधर रही, बुंदेलखंड का कांग्रेस ने किया समर्थन : अजय

**ललितपुर**। कांग्रेस कमेटी की कोर कमेटी की अहम बैठक कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुईं।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष अजय राय एक वार्ता में कहा गया कि बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण का संघर्ष बहुत लंबे समय से किया जा रहा हैं। वर्ष दो हजार आठ में बुंदेलखंड में पड़ रहे भीषण सूखे के समय में राहुल गांधी ने दलितों की झोपडिय़ों में उनके साथ रात गुजार कर पिछड़े बुंदेलखंड की बदहाली को पूरे देश के सामने रख कर सभी का ध्यान बुंदेलखंड की गरीबी की ओर आकर्षित किया। वर्ष दो हजार नौ ने कांग्रेस की केन्द्र सरकार से सात हजार चार सौ करोड़ का बुंदेलखंड सूखा राहत पैकेज दिलवाया। उसी समय कांग्रेस के विधायक प्रदीप जैन, विनोद चतुर्वेदी और विवेक सिंह ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में पृथक बुंदेलखंड राज्य के लिए प्राइवेट मेंबर बिल रखा। वर्ष दो हजार आठ और दो हजार ग्यारह ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अधिवेशन में सोनिया गांधी व राहुल गांधी के समक्ष छोटे राज्य का समर्थन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने राज्य निर्माण का समर्थन करते हुए पत्र के माध्यम से कहा कि बुंदेलखंड के आम जनमानस के हितों को ध्यान में रखते हुए पृथक बुंदेलखंड राज्य के लिए बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा जो गैर राजनैतिक संस्था है के द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं संघर्षों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी साथ खड़ी है। बुंदेलखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी जिला व शहर इकाइयां मोर्चा के संघर्ष में शामिल रहेगी। बुंदेलखंड राज्य का समर्थन करने पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया।

संचालन जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित ने किया। पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह, नगर अध्यक्ष राम नरेश दुबे, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, नेहा तिवारी, मोहनसिंह चंदेल, संजीव चौरसिया, खलकसिंह राजपूत, डा.रामसिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला

# नए जिलाधिकारी से भ्रष्टाचार पर लगाम की उम्मीद: कपूर

**ललितपुर** । जनपद के सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर के नेतृत्व में स्थानीय कम्पनी बाग में बु. वि. सेना के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि ललितपुर जिले का एक भी सरकारी कार्यालय ऐसा नही है जहां पर बगैर सुविधा शुल्क के एक इंच भी फाइल नहीं आगे बढ़ती हो । दूरदराज से आये गरीबों व किसानों का जमकर आर्थिक शोषण हो रहा है । दलालों का बोलबाला है । कोई भी कार्य बगैर दलालों के नहीं हो पाता है ।

गरीब किसान दूरदराज से किराया लगाकर अपने काम के लिए शहर आता है । कोई भी रिपोर्ट लगवाने पर उनसे सुविधा शुल्क मांगा जाता है । और उसे काम पूरा कराने के लिए महिनों सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं । बु. वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि पूरे प्रदेश में ललितपुर जिला टॉप - 5 में निकलेगा । उन्होंने कहा कि सुविधा शुल्क में कई गुना वृद्धि हो गई है । सरकारी कामों में कमीशन का बोलबाला है । सड़कें , बिल्डिंग और अन्य निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नहीं बन रही हैं ।



बु.वि. सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि हमारा जिला प्रदेश मुख्यालय से बहुत दूर होने के कारण विकास कार्यों में बहुत पीछे है । हम आशा करते हैं कि जिलाधिकारी महोदय ललितपुर के सभी सरकारी कार्यालयों में व्याप्त समस्याओं का संज्ञान लेकर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगायें तथा सरकारी तंत्र को दलालों से मुक्त करके सरकार की मंशा के अनुरूप कार्यशैली को व्यापक बनायें । उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं जाती है तो बु. वि. सेना सभी कार्यालयों में मुहिम चलाकर भ्रष्ट कार्यालयों को चिन्हित करके वहां जाकर उग्र प्रदर्शन करेगी ।

धरना प्रदर्शन के दौरान बु. वि. सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया , कदीर खाँ , राजकुमार कुशवाहा , फूलचंद रजक, अमरसिंह बुन्देला , मुन्ना त्यागी, खुशाल बरार , गफूर खाँ, जगदीश झा , लालचंद रजक, रामसहाय राठौर, प्रमोद धानुक, सुजीत धानुक, शाहिद अली, संजू राजा, प्रकाश झा , पुष्पेन्द्र शर्मा , भैय्यन कुशवाहा , विनोद साहू , पुष्पेन्द्र बुन्देला , रवि रैकवार , नन्दराम कुशवाहा , टिंकू सोनी , अंकित जैन , प्रदीप साहू , अमित जैन आदि मौजूद रहे ।

## समझौता कराया गया

# प्रोजेक्ट नई किरण ने कराया एक परिवार का पुनर्मिलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, इसमें परिवार का सुलह-समझौते के आधार पर समझौता कराया गया, वहीं पांच मामलों को अग्रिम तिथि दी गयी। इस दौरान एएसपी कालू सिंह, आरआई जगदीश सिंह, महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी, महिला आरक्षी सिमरन, अजय बरया, सुधा कुशवाहा, डा.संजीव शर्मा, डा.एस.पी.पाठक, डा.जनक किशोरी शर्मा, अरमान कुरैशी मौजूद रहे।

## संस्कार भारती की प्रांतीय धरोहर यात्रा का भव्य स्वागत एवं गोष्ठी सम्पन्न

# प्रमुख धरोहर स्थलों के बारे में विस्तार से बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

संस्कार भारती द्वारा आयोजित प्रांतीय धरोहर यात्रा का स्वागत एवं गोष्ठी कार्यक्रम नगर में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में धरोहर यात्रा के अंतर्गत पहुँचे संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडे तथा प्रांतीय धरोहर एवं कला प्रमुख अखिलेश पांडे का भव्य स्वागत किया गया।

वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. राजकुमार जैन ने अतिथियों का माल्यार्पण, शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इसी क्रम में इंटैक चैप्टर अध्यक्ष संतोष शर्मा तथा पत्रकार रविंद्र दिवाकर को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्कार



भारती के अध्यक्ष प बृजमोहन संज्ञा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन महामंत्री के.के. पाठक एवं संरक्षक गोविंद नारायण व्यास द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जनपद के प्रसिद्ध कवि अखिलेश शांडिल्य द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात संतोष शर्मा व रविंद्र दिवाकर ने देवगढ़ के दशावतार मंदिर, नीलकंठ मंदिर, पाली, भारत, दुर्ग तालबेहट सहित क्षेत्र के प्रमुख धरोहर स्थलों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इसके बाद वरिष्ठ समाजसेवियों एवं चिकित्सकों डॉ. राजकुमार जैन, डॉ. दीपक चौबे, कन्हैया नामदेव, डॉ. दीपा सिंधी, मंजू कटारे आदि ने जनपद ललितपुर के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के बारे में यात्रा दल को अवगत कराया।

संस्कार भारती के उपाध्यक्ष रमेश पाठक, रविंद्र पंडित, लक्ष्मीनारायण शर्मा, सुदेश सोनी, महेश नामदेव, बृजेश शर्मा, सर्वेश श्रीवास्तव, श्री नामदेव समाज मंदिर के अध्यक्ष दीपक पटवारी, तथा इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया से पुष्पा झा सहित नागरिक उपस्थित रहे।

## कार्रवाई में सागौन की 36 सिल्लियों सहित 6 लाख 72 हजार का मशरूका जब्त

# बिना लाइसेंस अवैध सागौन का चल रहा कारोबार! एक गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-सुठालिया

सागौन के अवैध कारोबार की बात हो तो जिले में सुठालिया के नाम लिए बिना पूरी नहीं हो सकती। इसके लिए पूर्व में सागौन को लेकर नगर में हुई कई कार्रवाईयों से लेकर आज की पुलिस द्वारा कार्रवाई से समझा जा सकता है। पिकअप में भरकर गद्दों से ढककर लाई जा रही अवैध सागौन के परिवहन होने की सूचना सुठालिया पुलिस को मिली और आरोपी पवन पिता गोविन्द अग्रवाल अवैध रूप से सागौन की लकड़ियां चोरी करके काटकर अवैध परिवहन करते पाया गया। आरोपी पर धारा 303(2) बीएनएस 26/52 भारतीय वन अधिनियम व धारा 5/16 म प्र वन उपज अधिनियम 1969 का पाया जाने से आरोपी से मौके पर समक्ष पंचानामा चदन पिता परमाल भिलाला निवासी नालाझिरी एव वन रक्षक राजेन्द्र सिंह खींची सुठालिया के समक्ष उक्त लकडी 36 सागौन की सिल्लिया कीमती लगभग 72 हजार एव पीकप वाहन कीमत 6 लाख रूपये को विधिवत जप्त किया गया एवं आरोपी पवन को पूछताछ हेतु अभिरक्षा में लिया गया। इसमें सुठालिया थाने के उनि अनिल राहौरिया थाना प्रभारी सुठालिया, प्र आर आशीष दुबे, प्र आर 258 महेश कुमार भील, सोनू अहिरवार मय शासकीय वाहन चालक प्र बार 162 विनोद शामिल रहे।

### सागौन के बड़े व्यापारी बच जाते हैं, छोटों पर होती है कार्रवाई

सुठालिया में करोडों रुपए की सागौन बेचने बाले व्यापारियों से लेकर छोटे कारोबारी है परंतु अधिकतर देखने में आया है कि छोटा काम करने वाले व्यापारी पकड़े जाते हैं जबकि बड़ा व्यापार करने वालों के साथ प्रशासन की सांठगांठ के चलते बच जाते हैं।

### मार्च 2025 से सुठालिया व्यापारियों के सागौन लाइसेंस का नहीं हुआ नवीनीकरण

वन विभाग के डिप्टी रेंजर अर्जुन शर्मा बताते हैं कि अभी सुठालिया के लकड़ी व फर्नीचर व्यापारियों का सागौन लाइसेंस का वन विभाग द्वारा नवीनीकरण नहीं किया गया है। जिससे अभी सागौन के परिवहन व खरीदी की तो बात ही नहीं उठती।

### वनविभाग व थाने के सामने से ही निकलती है अवैध सागौन

शनिवार को हुई पुलिस कार्रवाई के चलते यह संभव हो पाया। जबकि अधिकतर समय वन विभाग व थाने के सामने से ही यह अवैध कारोबार चलते रहने की सूचना है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शादी के लिए फर्निचर भी आए दिन सुठालिया से निकाला जा रहा है परंतु विभाग को इसका पता भी नहीं चल पाता है।

## किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# विद्युत विभाग की लापरवाही से चार दिनों में दो युवकों की मौत



**नरसिंहगढ़।** ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर ग्राम कुराडियाखेड़ी और सांका जागीर में बिजली करंट लगने से हुई दो युवक की मौत के मामले में कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम कुराडियायाखेड़ी मुकेश पिता दौलतराम गुर्जर उम्र 22 की शुक्रवार को खेतों में झूल रहे तारों की चपेट में आने से करंट से मृत्यु हो गई। वहीं बीती 24 तारीख को ग्राम सांका जागीर में बंटी पिता गणपतलाल उम्र 22 की भी इसी तरह करंट लगने से मौत हुई है। लेकिन सूचना देने के बाद भी बिजली विभाग ने सहायता तो दूर मौके पर पहुँचकर मामले को देखना भी मुनासिब नही समझा। जिससे मृतक के परिजनों सहित ग्रामीणों में विभाग के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। किसान कांग्रेस ने आरोप लगाया कि घटना से पहले ही ग्रामीणों और परिवारजनों द्वारा कई बार विद्युत विभाग अधिकारियों को खराब बिजली व्यवस्था की सूचना दी गई थी, लेकिन विभाग के कर्मचारियों ने लापरवाही बरतते हुए सुधार के लिए कोई काम नही करवाया। इसी अव्यवस्था की वजह से ही युवकों की जान चली गई। ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने मृतक के परिजनों को आर्थिक मुआवजा और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन सौंपते दौरान अध्यक्ष नरेंद्र रूवाला, गोविंद सिंह गुर्जर, मंजुलता शिवहरे, ज्ञान सिंह मीणा सहित अन्य मौजूद थे।

### क्षेत्र में आए दिन सामने आ रहे मामले

देखने में आया कि क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में इसी तरह अव्यवस्थाओं के मामले सामने आ रहे हैं। जिसके कारण पहले भी कई लोग काल कलवित हो चुके हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा कि घटना के बाद भी क्षेत्र में तारों और बिजली व्यवस्था की सुध नहीं ली गई है, जिस वजह से आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है। इधर संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

## घटिया निर्माण कार्य व चौक चौराहे को लेकर दिया ज्ञापन

# सड़क निर्माण को लेकर मोहल्लेवासी सड़क पर



**सारंगपुर।** कलेक्टर द्वारा अवैध कालोनियों के नामांतरण के साथ अवैध कॉलोनी में सड़क निर्माण आदि के कार्यों पर रोक लगा रखी है। इसके बाद भी सारंगपुर के सुदर्शन नगर कहलाने वाले मोहल्ले में अलग अलग जमीन मालिकों ने अवैध तरीके से आवास हेतु प्लाट बिक्री की है, लेकिन प्लाट मालिकों को किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधा प्रदान नहीं की। दस से अधिक वर्षों से लोग मकान बनाकर निवासरत हैं। निवारत परिवारों द्वारा स्थानीय निकाय एवं पार्षद पर मूलभूत सुविधा के लिए लगातार दबाव बनाया, इसी के चलते उक्त कॉलोनी में नगर पालिका द्वारा सड़क निर्माण प्रारंभ किया लेकिन मोहल्लेवासियों के साथ जो धोखा कालोनी काटने वालों ने किया वही धोखा सड़क निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रह रहा है।

गुणवत्ताविहीन सड़क निर्माण कर इतिश्री करने की मंशा से घटिया मटेरियल का उपयोग कर सड़क निर्माण कार्य किया गया। अनंता मोहल्लेवासियों का सब्र का बांध टूटा और घटिया सड़क एवं चौक चौराहे को लेकर निर्माणाधीन सड़क पर आ गए और नारेबाजी करते हुए एसडीएम रोहित बम्होरे सारंगपुर को ज्ञापन देते हुए गुणवत्ता पूर्वक सड़क निर्माण कराने के साथ ही घटिया कार्य के जांच की मांग की। साथ ही विगत वर्षों से चले आ रहे चौराहे को यथावत रखने तथा पूरे चौराहे पर सीसी निर्माण की मांग की और ज्ञापन में कह की चौराहे को अगर छोड़ा गया तो अंधा मोड़ कई लोगों की जानलेवा साबित हो सकता है। मौके पर संवाददाता ने सड़क निर्माण सामग्री का अवलोकन किया तो प्रथम दृष्टिया गुणवत्ता विहीन सामग्री पाई गई। इस संबंध में नगर पालिका इंजीनियर से चर्चा की तो उनका कहना था कि वार्ड वासियों द्वारा किसी भी प्रकार कोई शिकायत नहीं की गई। शिकायत आती है तो समाधान किया जाएगा।

## बीमा सलाहकार महेश त्रिवेदी हुए सम्मानित



**नरसिंहगढ़।** वरिष्ठ बीमा सलाहकार महेश त्रिवेदी को अपने काम में बेहतर प्रदर्शन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से मंगलवार को ब्यावरा में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्हें भोपाल मंडल के विक्रय प्रबंधक रविंद्र पटेल ने प्रशस्ति पत्र के साथ उपहार दिए। आयोजन में ब्यावरा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक पवन अहिरवार, विकास अधिकारी संजीव गर्ग, वरिष्ठ अधिकारी मनोज रावत आदि मौजूद थे।

## 10 लाख 75 हजार 643 मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटिलाईजेशन पूर्ण

# एसआईआर : जिले में 91 फीसदी कार्य पूर्ण, खिलचीपुर विस अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पूर्णता की एक माह की अवधि के अंतिम पखवाड़े में काम तेजी से हुआ है। गत 04 नवंबर से शुरू हुआ एसआईआर का कार्य जहां शुरूआत में कछुआ गति से रेंग रहा था वहीं अंतिम चरणों में काम ने दुरुत गति पकड़ी ली है।

निर्वाचन से जुड़े उच्चाधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग एवं बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं उनके सहायक के रूप में कार्य कर रहे सचिवों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, निकायों के अमले सहित अन्य की मेहनत की बदोलत 29 नवंबर तक जिले में 91 फीसदी से अधिक मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटाईजेशन किया जा चुका था। पांचों विधानसभाओं के लिहाज से बात करें तो कार्य पूर्णता में खिलचीपुर विधानसभा फिलहाल अव्वल है। उक्त कार्य को पूर्ण करने की अंतिम तिथि 04 दिसंबर के हिसाब से अब सिर्फ पांच ही दिन शेष रह गए हैं।

निर्वाचन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाता हैं जिनमें से 29 नवंबर की शाम 4 बजे की स्थिति में 10 लाख 75 हजार 643 मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटिलाईजेशन किया जा चुका था।

### कुछ मृत, कुछ के ट्रांसफर व अन्य कारण

निर्वाचन विभाग के अनुसार जिले में कई ऐसे मतदाता हैं जो मृत हो चुके हैं, उनके ट्रांसफर हो चुके हैं या उनके डबल नाम जुड़े थे या अन्य भी बहुत से कारण है, जिसके चलते गणना-पत्रक कलेक्टर नहीं हो पा रहे हैं।

# सरस्वती विद्या मंदिर में सप्तशती संगम कार्यक्रम आयोजित





**अकोदिया।** सरस्वती विद्या मंदिर, अकोदिया में सप्तशती संगम कार्यक्रम संस्कृति और नारी-शक्ति के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभिन्न वक्ताओं ने समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता अनीता भगवत राजपूत रहीं। उन्होंने भारतीय संस्कार, परिवार व्यवस्था और कुटुंब प्रबोधन की महत्ता पर चर्चा की। विशेष अतिथि वीणा गुरेनिया ने मातृशक्ति की सामाजिक सहभागिता, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका पर प्रेरक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रचना सचिन शर्मा ने की।

इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्तियों ने अपने अनुभव, विचार एवं प्रेरक प्रसंग साझा किए। अतिथि वक्ताओं ने कुटुंब प्रबोधन, भारतीय परिवार व्यवस्था की मजबूत नींव तथा भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं का कहना था कि शिक्षा, संस्कार, सेवा और संगठन के माध्यम से मातृशक्ति समाज को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम का समापन मातृशक्तियों द्वारा लिए गए संकल्प के साथ हुआ।

## शीतलहर के साथ पड़ रही तेज ठंड, अलाव जलवाने की मांग

**राजगढ़।** जिले में हल्की शीतलहर के साथ तेज ठंड का दौर शुरू हो चुका है। दिन में भलेही तेज धूप निकल रही है लेकिन शीतलहर भी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। ऐसे में आमजन नगर पालिका से नगर के प्रमुख चैक-चैराहों, अस्पताल परिसर, बस स्टैंड आदि स्थानों पर अलाव के लिए लकड़ियां डलवाने की मांग करने लगे हैं। आमजनों के साथ ही नगर के निराश्रित मवेशियों के लिए भी अलाव की तपन काफी फायदेमंद होती है। हालांकि, नगर के सेवाभावी नवयुवकों एवं गौसेवा समितियों द्वारा गौमाताओं के अलाव के लिए लकड़ियां जरूर नगर के विभिन्न स्थानों पर डलवाई जा रही हैं पर आमजनों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत नपा ने यह काम अभी तक शुरू नहीं कराया है।

# फिर हुई लूट की घटना, 3 वर्ष पहले हुई लूट का आजतक कोई सुराग नहीं



**कुरावर।** निरंतर बढ़ती जा रही लूट और चोरी के मामलों में शनिवार सुबह एक मामला और सामने आया। बीती रात कुरावर थाना क्षेत्र की तीज बडली में एक बार फिर लूट की घटना को अज्ञात लुटेरों ने अंजाम दिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार शनिवार दरमियान रात्रि करीब 3 बजकर 45 बजे को तीज बडली के समीप कार को पंचर कर नगदी व ज्वेलरी अज्ञात लूटेरे लूट कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। जानकारी में पता चला है कि फरियादी सत्यम भट पिता श्रीकांत भट उम्र 28 निवासी टीलाजमापुरा भोपाल बीनागंज में श्रीखाटू श्याम के भजन करके अपने साथियों के साथ कार से लौट रहे थे तभी तीज बड़ली के पास इनकी कार पंचर हो गई। ड्राइवर ने बाहर निकलकर देखा तो कार के चक्के की हवा पूरी तरह निकल गई थी। ड्राइवर ने चक्का खोलने लगा तथा अभी नट खोले ही थे की झाड़ियों की तरफ से तीन बदमाशो ने इनपर हमला कर दिया और हथियार दिखाकर कार में बैठे सत्यम से 35,100 रुपए तथा हाथ में पहनी दो चांदी की अंगूठी निकलाकर भाग गए। किसी तरफ पीड़ित ने कुरावर पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी।

### 3 वर्ष पहले भी इसी स्थान पर हुई थी लूट की घटना

06 दिसंबर 2022 को भी उक्त स्थान के पास उत्तर प्रदेश में शादी समारोह से लौटकर भोपाल की ओर आ रहे एक परिवार के साथ लूट की वारदात हुई थी। जिसमें परिवार की एक महिला ने पहन रखे 4 लाख के सोने के आभूषण, अंगूठी सहित 8 हजार नकदी की लूट हुई थी। कुरावर पुलिस आज तक उक्त घटना के आरोपी नहीं पकड़ पाई वहीं अब ये नई घटना हो गई। अब पुलिस के सामने दोबारा घटना की चैलेंज है।

## अंडर-13 बालक वर्ग क्रिकेट चयन ट्रायल्स संपन्न

# 80 से ज्यादा खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला अंडर-13 (बालक वर्ग) क्रिकेट चयन ट्रायल्स शनिवार को ब्यावरा के पीजी कॉलेज मैदान में संपन्न हुए। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इन ट्रायल्स में जिलेभर से लगभग 80 बाल खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ट्रायल्स के दौरान खिलाड़ियों का बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण और फिटनेस टेस्ट जैसे विभिन्न कौशलों पर मूल्यांकन किया गया। चयनकर्ताओं में राज लववंशी, ऋषि शर्मा और दिलीप बैस शामिल थे।

इस अवसर पर राजगढ़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव निपेन्द्र सोलंकी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों के तकनीकी और शारीरिक प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया। ट्रायल्स के बाद 18 खिलाड़ियों का प्रारंभिक चयन किया गया है। इन चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रशिक्षण कैंप में शामिल किया जाएगा। एसोसिएशन ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की सूची जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी। प्रशिक्षण कैंप के बाद, इन 18 खिलाड़ियों में से 11 सदस्यीय अंतिम टीम का गठन किया जाएगा। यह टीम प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। राजगढ़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अभिभावकों को उनके बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद दिया। एसोसिएशन ने उम्मीद जताई कि जिले में क्रिकेट प्रतिभा का विकास जारी रहेगा।

## निःशुल्क साइकिल विरतण कार्यक्रम आयोजित

**खुजनेर।** अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उमावि खुजनेर में मध्य प्रदेश शासन की योजना अंतर्गत निःशुल्क साइकिल विरतण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर सिंह यादव के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता केदार काका गुप्ता मंडल अध्यक्ष सुरेश दांगी, पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा छुट्टन पूर्व नगर उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता लोकेंद्र यादव, प्रेमनारायण यादव,मुकेश यादव अरविंद गुप्ता, अरूण एवं अन्य भाजपा नेता एवं पार्षद गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में राधेश्याम शर्मा द्वारा स्वागत गीत एवं कन्हैयालाल दांगी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। प्राचार्य मनोहर जायसवाल द्वारा विद्यालयीन गतिविधियों एवं उपलब्धियों से संक्षिप्त परिचय दिया गया राजगढ़ विधानसभाके विधायक अमर सिंह यादव द्वारा छात्रों को बेहतर परीक्षा परिणाम लाने हेतु शुभाशीष दिया।

## महिला बाल विकास विभाग ने दंड व भवानीपुरा पंचायत में किए आयोजन

# ग्राम चौपालों में कुप्रथाओं को त्यागने दिलाया सामूहिक संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दंड एवं भवानीपुरा ग्राम पंचायतों में जागरुकता चौपालों का आयोजन किया गया।

विभाग के डीपीओ श्यामबाबू खरे निर्देशन में आयोजित इस चौपाल में सुश्री संतोष चौहान ने बताया की खिलचीपुर परियोजना के 36 ग्राम पंचायत में लगभग 70 गांवों के लोगों को बाल-विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान 06 बाल-विवाह भी समझाईस उपरान्त सफलतापूर्वक रोके गए हैं। बाल विवाह न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक विकास को अवरुद्ध करता है। चौपाल में बताया गया कि कहीं पर भी बाल-विवाह होने पर कंट्रोल रूम में सूचना दी जा सकती है। सभी को इस अभियान से जुड कर सामूहिक प्रयासों से कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। अभियान की नोडल अधिकारी एवं वन स्टॉप केंद्र प्रशासक रश्मि चौहान द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य, रूपरेखा और समाज की भूमिका को समझाया गया।



### इन नंबरों पर मिलेगी सहायता

श्रीमती चौहान ने कहा कि हमारा उद्देश्य है बाल विवाह, बाल सगाई को पूर्णतः रोकना है। लोगों की सहायता और सूचना हेतु चाइल्ड के हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन 181, बाल-विवाह कन्ट्रोल रूम वन स्टॉप सेंटर में संचालित है, जिसका नंबर 07372-254360 है। कार्यक्रमों के उपरान्त उपस्थितजनों को कुप्रथाओं को त्यागने के संबंध में सामूहिक संकल्प दिलवाया गया।